Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 18-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to look into in the matter of reducing 2 Lok Sabha and 5 Assembly seats for SCs/STs in Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या में किस तरह जनगणना में कमी आई है, उसकी तरफ मैं ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। छत्तीसगढ़ नया राज्य है जो मध्य प्रदेश से पृथक हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद वहां परिसीमन शुरू हुआ है। मैं छत्तीसगढ़ के कुछ आंकड़े देना चाहूंगा। छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 90 सीटें विधान सभा की हैं और लोक सभा की 11 सीटें हैं। 11 सीटों में से लोक सभा की 2 अनुसूचित जाति और 4 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। विधान सभा की 90 सीटों में अनुसूचित जाति की 10 तथा अनुसूचित जनजाति की 34 सीटें हैं। इस तरह से सीमांकन हो रहा है।

मैं कुछ आंकड़ों के आधार पर बताना चाहूंगा कि सीमांकन के पहले 1991 की जनगणना में छत्तीसगढ़ के जसपुर में अनुसूचित जाति के 1991 में 47012 तथा 2001 की जनगणना में 36400 लोग थे। 1991 की जनगणना की तुलना में 2001 में जनसंख्या की वृद्धि दर -22.67 परसेंट है। 1991 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति की संख्या 4,94,29,092 एवं 2001 की जनगणना के अनुसार 4690063 है, जो 1991 की तुलना में +9.52 परसेंट है। सामान्य वर्ग के लोगों की जनसंख्या 1991 की जनसंख्या 180258 के मुकाबले 2001 में 236807 हो गई है, जो +31.38 परसेंट है। पहले की तुलना में मैं बताना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति के लोगों की 1991 में 8433 एवं 2001 में 3867 है, जो -53 परसेंट है, यानी इसमें कुल 64.5 परसेंट कमी आई है। सरगुजा के सम्बन्ध में मैं कहना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति के लोगों की जनसंख्या ए वं अन्य सामान्य ´ÉMÉÇ BÉEä ãÉÉäMÉÉå BÉEÉÒ VÉxÉºÉÆJªÉÉ àÉå BÉEàÉÉÒ +ÉÉ<Ç cè* [i114]

[MSOffice115]

उदाहरण के लिए 1991 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या 897211 था और 2001 की जनगणना के अनुसार 1076669 थी। सन् 1991 की तुलना में सन् 2001 में अनुसूचित जनजाति के लोगों की जनसंख्या की वृद्धि दर 20 प्रतिशत रही है। इसी तरह सामान्य श्रेणी के लोगों की जनसंख्या 1991 की जनगणना के अनुसार 609240 थी और र्वा 2001 की जनगणना के अनुसार 800588 थी। सन् 1991 की तुलना में सन् 2001 में सामान्य वर्ग की जनसंख्या वृद्धि दर 31.41 प्रतिशत थी।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपनी बात रखिए, आंकड़े मत दीजिए।

श्री पुन्नू लाल मोहले : महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप मुझे मत कहिए, मंत्री जी बैठे हैं, उन्हें अपनी समस्या कहिए।

श्री पुन्नू लाल मोहले : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो परिसीमन हो रहा है उसमें अनुसूचित जाति और जनजाति की विधान सभा की पांच सीटें घट रही हैं और लोक सभा की अनुसूचित जाति की एक सीट और अनुसूचित जनजाति की एक सीट घट रही है। उक्त वर्ग की स्थिति को देखते हुए, वहां के लोगों के प्रति अन्याय हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए बनाया गया है। अतः जो परिसीमन हो रहा है, उसमें जनगणना के आधार पर गलत आंकड़े दिए गए हैं। इन गलत आंकड़ों पर 1991 में ज्यादा और 2001 में कम...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please take your seat.

श्री पुन्नू लाल मोहले : इससे बस्तर, जसपुर और सरगुजा तथा मेरे लोक सभा क्षेत्र की सीटों में धांधली हो रही है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. I am not allowing you.

सभापति महोदय : मोहले जी आप बैठ जाइए, श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव।

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हित को देखते हुए 2001 की जनगणना की जगह पर पुनः जनगणना करवायी जाए और जो परिसीमन हो रहा है, उसे रोका जाए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

(ii) Re: Alleged illegal sale of rifle cartridges from ordnance Factory, Bolangir, Orissa